दैनिक
न्याय साक्षी



## संपादकीय

# बड़े हौसलों की उड़ान

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर देश के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़े बदलावों के रास्ते पर बुलंद हौसले के साथ चल रही अपनी सरकार के इरादे जाहिर किए और परिवर्तन के इस अभियान से जुड़ने के लिए देशवासियों का आह्वान किया इस दूसरे कार्यकाल में लाल किले से अपने पहले भाषण में पीएम ने अर्थव्यवस्था को खास तवज्जो देते हुए कहा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर पर 100 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। अगले 5 साल में भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने का लक्ष्य दोहराते हुए उन्होंने कहा कि 130 करोड़ देशवासी यदि छोटी-छोटी चीजों को लेकर चल पड़ें तो यह लक्ष्य हासिल करना संभव है।

इसके लिए उन्होंने मैन्यूफैक्चरिंग को बढ़ावा देने की बात कही और लकी कल के लिए लोकल का मंत्र दिया। उन्होंने निर्यात बढ़ाने पर जोर दिया और देश को कैशलेस इकॉनमी बनाने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि फिलहाल दुकानों पर आज नकद कल उधार का बोर्ड लगा रहता है, लेकिन अब लिखना चाहिए- डिजिटल पेमेंट को हां, नकद पेमेंट को ना। एक बहुत बड़ी घोषणा उन्होंने रक्षा के क्षेत्र में की। तीनों सेनाओं के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ (सीडीएस) की नियुक्ति की जाएगी जो रक्षामंत्री को रिपोर्ट करेगा।

याद रहे कि 1999 में हुए करगिल युद्ध के बाद देश की सुरक्षा-व्यवस्था में मौजूद कमियों का पता लगाने के लिए गठित उच्चस्तरीय समिति ने वर्ष 2001 में ही सीडीएस की नियुक्ति की सिफारिश की थी। समिति का सुझाव था कि तीनों सेनाओं के प्रमुखों को बारी-बारी से सीडीएस बनाया जाए। यह भी कि सीडीएस का कार्यकाल 2 साल रखा जाए, जिसे बढ़ाया जा सकता है। यह पद फिलहाल ब्रिटेन, फ्रांस, इटली और श्रीलंका सहित करीब दस देशों में है। अनुच्छेद 370 और 35-ए को हटाने के फैसले पर मोदी ने कहा कि हम समस्याओं को न पालते हैं और न टालते हैं। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना पटेल के सपने को साकार करने जैसा है। उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर कहा कि आतंकवाद एक्सपोर्ट करने वालों को बेनकाब करने का वक्त आ गया है। जनसंख्या विस्फोट पर प्रधानमंत्री ने गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि छोटा परिवार रखने वाले देशभक्त हैं। उन्होंने बताया कि पानी की समस्या को दूर करने के लिए सरकार साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये खर्च करेगी। लेकिन उनका यह भी कहना था कि जल संरक्षण का कार्य सरकार तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए। स्वच्छ भारत अभियान की तरह इसे भी जन-जन तक पहुंचना चाहिए। इसी की तरह प्रधानमंत्री ने प्लास्टिक के खिलाफ मुहिम चलाने की जरूरत पर भी जोर दिया और कहा कि लोग 2 अक्टूबर से प्लास्टिक का इस्तेमाल पूरी तरह बंद कर दें। तेज बदलावों वाले इस समय में प्रधानमंत्री का यह संबोधन सभी को अपनी सामाजिक भूमिका पर ठहरकर सोचने के लिए मजबूर करेगा।

# किसानों के लिए एसबीआई लाया सुनहरी अवसर

**नईदिल्ली (आरएनएस)। अगर आप किसान हैं और आपने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से लोन लिया है तो आपके लिए जरूरी खबर है। अगर आपके लोन का निपटान नहीं हुआ है तो आपके लिए एसबीआई सुनहरा अवसर लाया है।**

## » 20 अगस्त को एकमुश्त से निपटाएं लोन

20 अगस्त को एसबीआई की तरफ से देशभर में करीब 14,000 ग्रामीण और अर्ध-शहरी शाखाओं में मेगा फार्मर्स मीट - किसान मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। इस किसान मिलन समारोहों में किसानों को उनके बकाए के एकमुश्त निपटान का मौका मिलेगा। साथ ही पुराने लोन के लिए आसान शर्तों के तहत सुविधा प्रदान की जाएगी।


इस बारे में बैंक ने बयान जारी करके कहा कि उसके पास करीब 1.40 करोड़ किसान ग्राहक हैं। इस किसान मिलन




समारोह के जरिए बैंक की योजना करीब 10 लाख किसान ग्राहकों से सीधे जुड़ने की है। बैंक ने बताया कि किसान मिलन किसानों को केसीसी सेचुरेशन जागरूकता कार्यक्रम के तहत नए फसल ऋण लेने में मदद करेगा और केसीसी के तहत मौजूदा ऋणों के नवीकरण पर भी ध्यान केंद्रित करेगा। एसबीआई ने होम लोन और ऑटो लोन में क्रमशः 35 फीसदी और 36 फीसदी बाजार हिस्सेदारी संभाली हुई है। बैंक का भारत में 22,088 शाखाओं का सबसे बड़ा नेटवर्क है और 58,495 से अधिक का एटीएम या सीडीएम नेटवर्क है। इंटरनेट बैंकिंग सुविधा का उपयोग करने वाले ग्राहकों की संख्या 66 मिलियन से अधिक है और मोबाइल बैंकिंग सेवाएं 14.8 मिलियन हैं।

# पाकिस्तान में न तो आजादी न ही सुरक्षाः ग्रांट फ्लावर

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाजी कोच ग्रांट फ्लावर का मानना है कि पाकिस्तान में आजादी की कमी है और सुरक्षा की दृष्टि से भी यह अधिक महफूज नहीं है। उन्होंने कहा कि ये बातें इस देश में रहने से आपको सबसे ज्यादा चिड़चिड़ा बनाती हैं। जिम्बाब्वे के यह पूर्व क्रिकेटर साल 2014 से पाकिस्तान टीम के साथ बतौर बल्लेबाजी कोच जुड़े हुए थे। पिछले सप्ताह पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उनका कॉन्ट्रैक्ट आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया।



ग्रांट फ्लावर ने पाकिस्तानी टीम के साथ अपने अनुभव को साझा किया है। जब ग्रांट से पाकिस्तान में रहते हुए सबसे फ्‍रस्‍ट्रेटिंग (चिड़चिड़ाहट वाली) चीज पूछी गई तो उन्होंने सुरक्षा पक्ष और आजादी की कमी को बताया।

साल 2009 में पाकिस्तान दौरे पर आई श्रीलंका की टीम पर आतंकी हमला हुआ था। इसके बाद से दुनिया की बहुत ही कम टीमों ने पाकिस्तान का दौरा किया है। इस मौके पर फ्लावर ने साल 2017 में पाकिस्तान का चैंपियंस ट्रॉफी में जीत दर्ज करना अपने कोचिंग करियर की बेहतरीन उपलब्धियों में गिना है।

# विद्या रतन शर्मा ने जेएसपीएल के प्रबंध निदेशक का पदभार संभाला

नईदिल्ली (आरएनएस)। जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) ने शुक्रवार को कहा कि विद्या रतन शर्मा को कंपनी का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है। जेएसपीएल ने एक बयान में कहा कि शर्मा की नियुक्ति 14 अगस्त, 2019 से तीन साल की अवधि के लिए प्रभावी है। जेएसपीएल से जुड़ने से पहले शर्मा, अबुल खैर ग्रुप के समूह मुख्य कार्यकारी (ग्रुप सीईओ) थे। वह उसके इस्पात, बिजली, सीमेंट और खनन व्यवसाय को देखते थे। बयान में कहा गया है कि शर्मा के पास मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक और एमबीए की डिग्री है।

उनके पास इस्पात उद्योग में 35 वर्षों का अनुभव है और उन्होंने इस्पात इंडस्ट्रीज, भूषण ग्रुप, सोशलिस्ट स्टील लिमिटेड, लॉयड स्टील ग्रुप और अरसेट स्टील स्पेन जैसी कंपनियों के साथ काम किया है।

# महिला हॉकीः भारत ने जापान को 2-1 से शिकस्त दी

**टोक्यो।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को यहां ओलम्पिक टेस्ट इवेंट की शानदार शुरुआत करते हुए पहले मैच में जापान को शिकस्त दी। भारत ने यहां ओई हॉकी स्टेडियम में हुए एक कड़े मुकाबले में मेजबान टीम को 2-1 से हराया।

मेहमान टीम के लिए डिफेंडर गुरजीत ने दोनों गोल किए जबकि जापान के लिए एकमात्र गोल ईमी निशिखोरी ने दागा।

भारतीय टीम ने मैच की दमदार शुरुआत की और पहले मिनट से ही अटैकिंग खेल दिखाया। इसका परिणाम उसे पहले क्वार्टर में ही मिला। नौवें मिनट में गुरजीत ने गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी।



मेहमान टीम हालांकि, इस बढ़त को ज्यादा देर तक बनाए नहीं रख पाई। दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही जापान ने बराबरी का गोल दागा। मेहमान टीम के लिए यह गोल निशिखोरी ने 16वें मिनट में किया।

इसके बाद, दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। तीसरे क्वार्टर में भारत को एक मौका जिसका उसने लाभ उठाया। 35वें मिनट में गुरजीत ने शानदार गोल करते हुए मेहमान टीम को 2-1 से आगे कर दिया।

अखिरी क्वार्टर में जापान ने लगातार प्रयास किए, लेकिन भारतीय डिफेंस डटी रही और दोबारा बराबरी का गोल नहीं होने दिया।

अगले मैच में भारत का सामना रविवार को आस्ट्रेलिया के खिलाफ होगा।

# वाहन क्षेत्र में सुस्ती से 3,000 से ज्यादा अस्थायी कर्मचारियों की नौकरी गई

नईदिल्ली (आरएनएस)। वाहन उद्योग में जारी सुस्ती के मद्देनजर मारुति सुजुकी इंडिया के 3,000 से ज्यादा अस्थायी कर्मचारियों की नौकरी चली गई है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी।

मारुति सुजुकी के चेयरमैन आर सी भार्गव ने कहा वाहन उद्योग में नरमी को देखते हुए अस्थायी कर्मचारियों के अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया गया है जबकि स्थायी कर्मचारियों पर इसका प्रभाव नहीं पड़ा है। भार्गव ने कहा, यह कारोबार का हिस्सा है, जब मांग बढ़ती है तो अनुबंध पर ज्यादा कर्मचारियों की भर्ती की जाती है और जब मांग घटती है तो उनकी संख्या कम की जाती है। उन्होंने कहा, मारुति सुजुकी से जुड़े करीब 3,000




अस्थायी कर्मचारियों की नौकरी चली गई है। भार्गव ने दोहराया कि वाहन क्षेत्र अर्थव्यवस्था में बिक्री, सेवा, बीमा, लाइसेंस, वित्तपोषण, चालक, पेट्रोल पंप, परिवहन से जुड़ी नौकरियां सृजित करता है। उन्होंने चेताया कि वाहन बिक्री में थोड़ी सी गिरावट से नौकरियों पर बड़े पैमाने पर असर पड़ेगा।

# टेस्ट छक्केः कीवी खिलाड़ी साउदी ने 69वें टेस्ट में ही कर ली सचिन की बराबरी

**नई दिल्ली।** क्रिकेट के मैदान पर किसी भी मामले में दुनिया के महान बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर की बराबरी कर लेना हर क्रिकेटर का सपना ही होता है। लेकिन आधुनिक क्रिकेट की गति बहुत तेज है और अब क्रिकेटर तेजी से पुराने रेकॉर्ड्स को तोड़ते हुए दिख रहे हैं। टेस्ट क्रिकेट में एक ऐसी ही उपलब्धि न्यू जीलैंड के ऑलराउंडर खिलाड़ी टिम साउदी ने अपने नाम की है। टिम साउदी ने श्री लंका के खिलाफ खेले जा रहे गॉल टेस्ट में जैसे ही छक्का जड़ा, उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में छक्के जड़ने के मामले में सचिन तेंडुलकर की बराबरी कर ली।



अब सचिन और टिम साउदी के नाम टेस्ट क्रिकेट 69-69 छक्के हैं। साउदी ने न्यू जीलैंड की दूसरी पारी में 19 गेंद में 14 रन बनाए, जिसमें एक छक्का शामिल था। सचिन की बराबरी करने लिए साउदी ने मात्र 69 टेस्ट खेलकर 96वीं पारी में यह उपलब्धि हासिल की। सचिन तेंडुलकर की बात करें तो मास्टर ब्लास्टर ने 200 टेस्ट में 329 पारियां खेलकर यह मुकाम छुआ था।

साउदी पहले ही पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स, सनथ जयसूर्या और इयान बोथम के कुल छक्के लगाने के रेकॉर्ड को पार कर चुके थे। अब टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के जड़ने के मामले में 17वें पायदान पर आ गए हैं।

साउदी के नाम टेस्ट क्रिकेट में 1550 रन हैं, जिसमें नाबाद 77 रन उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। इस ऑलराउंडर खिलाड़ी ने क्रिकेट के इस सबसे लंबे फॉर्मेट में 3 फिफ्टी भी जड़ी हैं। इसके अलावा उनके नाम 244 विकेट भी हैं।

# टीवी चैनल्स के अंधाधुंध डिस्काउंट पर ट्राई की नजर

नईदिल्ली (आरएनएस)। टेलीकॉम रेगुलटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) की ब्रॉडकास्टर और वितरकों की ओर से ग्राहकों को अपने प्लेटफॉर्म पर रोकने के लिए दिए जाने वाले बंपर डिस्काउंट पर पूरी नजर है। दूरसंचार नियामक का कहना है कि इन ऑफर्स की वजह से ग्राहकों को चैनल चुनने की पूरी आजादी नहीं मिल पा रही है। छूट पर लगाम लगाने के लिए ट्राई ने शुक्रवार को परामर्श पत्र जारी कर हितधारकों से राय मांगी है। दरअसल, ग्राहकों को अतिरिक्त चैनल के बोझ से मुक्ति दिलाने के लिए 29 दिसंबर, 2018 से नया नियामकीय ढांचा लागू किया गया था। बावजूद इसके टीवी चैनल ब्रॉडकास्टर और डिस्ट्रीब्यूशन ऑपरेटर्स ग्राहकों को बनाए रखने के लिए नए-नए ऑफर्स लेकर आ रहे हैं। इसमें चुनिंदा चैनलों का बुके ग्राहकों को उपलब्ध कराते हैं, जिन पर छूट दी जा रही है। ऐसे में उपभोक्ताओं को कई गैरजरूरी चैनल्स के भी पैसे देने पड़ रहे हैं। दूरसंचार नियामक ट्राई ने कहा है कि नियमों में बदलाव के बावजूद ग्राहकों को चैनल चुनने की पूरी आजादी नहीं मिली है। ट्राई ने डिस्काउंट, बुके की जरूरत और सीलिंग प्राइस पर 30 सितंबर तक हितधारकों से राय मांगी है।

ट्राई ने कहा कि नए नियामकीय ढांचे का मकसद टीवी दर्शकों को पसंद के चैनल चुनने का अधिकार देना था। इसके जरिये दर्शक अपने मासिक बिल को नियंत्रित कर सकते थे, लेकिन ब्रॉडकास्टर और डिस्ट्रीब्यूशन ऑपरेटर नियमों के खिलाफ जाकर नए-नए ऑफर ला रहे हैं। नए नियमों में उन्हें चैनल का बुके पेश करने की छूट मिली है, जिसका फायदा उठा रहे हैं। चूंकि, नए नियमों में इस पर लगाम लगाने का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसे में टीवी दर्शकों के हित में ट्राई इन ऑफर्स पर लगाम कसने की तैयारी कर रहा है।



ट्राई ने परामर्श पत्र में कहा है कि अधिकतर सेवा प्रदाता कंपनियां और ऑपरेटर्स की ओर से उपभोक्ताओं को चैनल के बुके पर 70 फीसदी तक डिस्काउंट दिया जा रहा है। ज्यादातर बुके में थोड़े फेरबदल के साथ एक जैसे चैनल ही शामिल हैं।

## आज का राशिफल

मेषः- आज का दिन आपके लिए विशेष लाभप्रद है। जो भी योजनाएं आप आज बनाएंगे, उनसे शीघ्र आपको शुभ फल मिलेगा। समय के महत्व को समझकर कर्म करते जाएं, लाभ अपने आप मिलने लगेगा।

वृषः- दिन व्यस्ततापूर्वक बीतने की संभावना है। आज आपके अधूरे कार्य पूर्ण होंगे। आज व्यवसाय हो या नौकरी सभी कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न होने की संभावना है।

मिथुनः- आज के दिन मिले-जुले परिणाम प्राप्त होने की संभावना है। कहीं खुशी, कहीं गम की स्थिति के कारण पूरा दिन असमंजस की स्थिति बनी रह सकती है। आर्थिक रूप से दिन भी सामान्य रहेगा।

कर्कः- वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं, चोट लगने की आशंका है। स्वास्थ्य के प्रति विशेष सावधानी बरतें। बिना सोच-विचार के आज कोई कार्य न करें, शत्रु कोई षड्यंत्र रच सकते हैं।

सिंहः- आपको आपके जीवनसाथी या फिर किसी प्रिय व्यक्ति का साथ मिलेगा। जीवनसाथी की राय पर ध्यान दें। भावनात्मक सम्बन्ध स्थापित होंगे। आज आपको कार्यस्थल में भी सभी का साथ और प्रशंसा मिलेगी।

कन्याः- कुछ लोग हैं जो आपकी बुराई करते हैं लेकिन आज विरोधियों की आलोचना के प्रति ध्यान न दें। आपको आज अपने शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी अचानक कोई शुभ सूचना मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

तुलाः- आपकी योग्यता के अनुसार मान-सम्मान के साथ-साथ प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी। संतान की ओर से खुशखबरी मिल सकती है।

वृश्चिकः- आज आपकी मानसिक प्रवृत्ति नकारात्मक रहने की आशंका है। क्रोध एवं आवेश से बचना ही हितकर रहेगा।


धनुः- आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास भी बढ़ता हुआ प्रतीत होगा। प्रिय व्यक्ति यों के साथ मुलाकात यादगार रहेगी।

मकरः- अचानक धन लाभ के योग बनते दिख रहे हैं। आज कोई नया कार्य या प्रोजेक्ट शुरू करना लाभदायक रहेगा, आपको मुनाफा होगा।

कुंभः- आज सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे। कार्य सिद्धि का दिन है। आज मन और चित्त दोनों से आप प्रसन्नता का अनुभव करेंगे।

मीनः- आज धन के अपव्यय का योग है। किसी को उधार न दें, नहीं तो संबंध बिगड़ सकते हैं। यात्रा करने से परहेज करें।

## सांभर मसाला बनाने की विधि...



**समाग्रीः**

चना दाल- आधा कप, धनिया के बीज- एक कप, हल्दी पाउडर- एक छोटा चम्मच, करी पत्ते- 15 से 20, मेथी दाना- एक छोटा चम्मच, जीरा- 2 बड़े चम्मच, राई- एक छोटा चम्मच, साबुत काली मिर्च- 2 छोटे चम्मच, दालचीनी- 4 टुकड़े, साबुत सूखी लाल मिर्च- 6 से 7, कद्दूकस किया हुआ नारियल- 3 बड़े चम्मच

**बनाने का तरीकाः**

सबसे पहले एक कड़ाही को गैस पर रख कर उसे गर्म करें लें। उसके बाद उसमें करी पत्ते और धनिया के बीज डालकर मध्यम आंच पर अच्छे से भून लें।इसके बाद जब धनिया के बीज और करी पत्ते हल्के ब्राउन हो जाएं तो उन्हें किसी प्लेट में निकाल लें।अब उसी गर्म कड़ाही में चना दाल डालकर हल्का ब्राउन होने तक भूनें और फिर उसे भी प्लेट में निकाल कर ठंडा होने दें।इसके बाद मेथी के दानों को और राई को एक साथ खुशबू आने तक भूनें और फिर उसे भी प्लेट में निकाल लें।अब कड़ाही में 1 मिनट तक जीरा, दालचीनी और काली मिर्च को डालकर भूनें। इसके बाद इसे प्लेट में निकाल लें। इसके बाद 30 सैकेंड तक साबुत लाल मिर्च को भूनें और उसे भी प्लेट में निकालें।इसके बाद नारियल को हल्का ब्राउन होने तक भूनते रहें और इसे भी प्लेट में निकाल लें और सारी सामग्री को ठंडा कर लें। अब सारी भुनी हुई सामग्री को एक मिक्सर जार में डालकर उसमें हल्दी डालकर, ग्राइंडर कर लें और अच्छे से बारीक होने तक पीसें।बस तैयार हो गया आपका सांभर मसाला।


## शब्द सामर्थ्य- 58

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 57 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | | सि | वा | य | | कि |
| लि | | चा | ह | त | | म | म | ता |
| क | सू | र | | म | ग | न | | ब |
| | र | | | | द | | | |
| क | मा | न | | पा | र | स | | स |
| मी | | म | जा | ल | | न | क | ली |
| ना | दा | न | | ना | र | द | | का |
| | मि | | | | तीं | | | |
| सु | नी | ल | | अ | धी | र | | जी |

## सू-दोकू- 58

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.57 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |